## संक्षिप्त

### मरम्मत कार्यों के लिए स्वीकृति

**टोंक**, (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की अनुशंशा पर जल संसाधन अधिशाषी अभियंता, नहर खंड प्रथम विभाग बीसलपुर परियोजना टोंक तहसील टोंक के 35 कार्यों की मरम्मत के लिए 105.17 लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की। 35 कार्यों की मरम्मत के लिए 105. लाख की स्वीकृति जारी करवाने पर राजस्थान मदरसा बोर्ड के सदस्य सऊद सईदी, प्रधान पंचायत समिति टोंक सुनिता गुर्जर, राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा सहित समस्त कांग्रेसियों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार व्यक्त किया।

### सांप के काटने से अधेड़ की मौत

**नारायणपुर**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में सांप के काटने से एक अधेड़ की मौत हो गई। हैड कांस्टेबल हेमराज गुर्जर ने बताया कि केशुराम (57) पुत्र भंवरे लाल जाति जाट निवासी मुण्डावरा को खेत पर सरसों की फसल में पानी देते समय जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद परिजन अधेड़ को नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये। जहां पर अधेड़ केशुराम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### घायल राष्ट्रीय पक्षी का उपचार किया

**पावटा**, (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पावटा परिसर में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना सीबीईओ एमडी यादव एवं उमेश टोकस ने एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी। सूचना मिलते ही भारद्वाज ने मौके पर पहुंचकर घायल मोर का उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि मोर के पंखों से रक्त बह रहा था जिसकी ड्रेसिंग की गई उपचार के बाद भारद्वाज ने मोर को वन कार्यालय पावटा ले जाकर रेन्जर सीतावाम यादव को सुपुर्द किया। इस दौरान उमेश टोकस, राजेन्द्र प्रसाद, चेतराम, अशोक जाट, दिनेश आदि ने उपचार में मदद की।

# पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान



उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरू में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर कीचड़ बना हुआ है।

**उनियारा/चौरु**, (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरू में जनप्रतिनिधियों सहित उच्चाधिकारियों की अनदेखी के चलते पुलिया के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान हो रहे है।

चौरू कस्बे में जगराम मीणा के मकान के सामने पुलिया बनी हुई है। लेकिन पुलिया का स्तर नीचा होने व रोड ऊंचा उठने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। ग्रामवासियों ने तहसीलदार, गिरदावर सहित संबंधित विभागीय व

■ **उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई**

प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित अवगत करा रखा है, फिर भी उपखण्ड प्रशासन, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

रामनिवास माली वार्ड पंच, रामफुल मीणा ताजी, जगराम मीणा, चिरंजीलाल सैनी, मुरारी लाल सैनी, बहादुर सिंह मीणा सहित कई कस्बेवासियों ने बताया कि पुलिया के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करवाने से ग्रामीणों सहित राहगीर आएदिन परेशान हो रहे हैं, सडक पर कीचड़ व गड्डे दुर्घटना सहित मौत को निमंत्रण दे रहे हैं, बाईक सवार आयेदिन सड़क पर पानी भरे गड्ढों में गिरने से दुघर्टना बढ़ रही है।

दूसरी तरफ़ मकानों से गन्दा पानी नालियों से होकर पुलिया की निकासी नहीं होने से अवरूद्ध होने के कारण नालीयां भी आगे से बंद है, इसलिए मकानों का पूरा पानी रोड पर आ जाता है। इस दौरान दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सुबह स्कूल जाते व स्कूल छुट्टी के बाद आने में या पैदल निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि पुलिया की निकासी शीघ्र नहीं की गई तो आने वाले समय में भयंकर जटिल समस्याओं से गुजरना पड़ सकता है।

## दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप

**टोंक**, (निसं)। नाथ समाज युवा संगठन गौरक्ष सेना संस्थान ने बमोर निवासी मनीषा की दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पति सहित ससुराल वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

उपाध्यक्ष दामोदर नाथ योगी, रामबाबू, दिलखुश योगी, कालू फौजी, लक्ष्मण, प्रकाश माली, पारस सोनी, हरिराम गुर्जर, छोटूयोगी, नारायण, रतन, छोटू, रामराज योगी, राधेश्याम आदि समाज के लोगों ने डाक बंगले से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बताया कि बमोर के रहने वाले रामबाबू ने अपनी बेटी मनीषा की शादी छह माह पूर्व सवाईमाधोपुर के रवांजना डूंगर थानांतर्गत कुस्तला में जितेश योगी से की थी, जिसमें गरीब पिता ने अपनी क्षमतानुसार दहेज दिया, लेकिन कुछ समय ठीक रहने के बाद ही ससुराल वाले मनीषा को दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हुए नित नई मांगें करने लगे, जिसे पूरी नहीं करने पर मनीषा के साथ कई बार मारपीट की गई।

मृतका के पिता ने बताया कि दीवाली के दूसरे दिन ससुराल से फोन आया कि मनीषा ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव वापस घर ले आ गए। उन्हें अंदेशा है कि उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक

**पावटा**, (निसं)। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले एक बैठक का आयोजन हुआ। आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम साथिन प्रकोष्ठ बाली के तत्वावधान में कांग्रेस सरकार मानदेय एवं संविदा कर्मियों से चुनावों के समय किया गया नियमितीकरण वादों को लागू नहीं करने को लेकर पावटा स्थित एक गार्डन में अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ संस्थापक छोटेलाल बुनकर की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में जयपुर ग्रामीण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्राम साथिनों ने भाग लिया। बैठक को अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक छोटेलाल बुनकर ने आंगनबाडी मानदेय कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जन घोषणा पत्र (विधानसभा चुनाव 2018) में आंगनबाडी महिला मानदेय कार्मिक

■ **मानदेय एवं संविदा कर्मियों को नियमितीकरण करने की मांग**

आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, साथिन, आशा सहयोगिनी सहित सभी संविदा कर्मियों से जन घोषणा पत्र में मानदेय एवं संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा किया गया था, जो करीब 4 साल बाद खोखला एवं जुमला साबित हो रहा है। पिछली भाजपा सरकार ने भी वादा कर महिला मानदेय कार्मिकों व सभी संविदा कर्मियों के साथ कुठाराघात किया। इसी तरह कांग्रेस सरकार भी वादा खिलाफी कर रही है। समय रहते सरकार को कम से कम इन कार्मिकों को 18 हजार मासिक मानदेय एवं सभी के लिए नियमितीकरण का सुलभ रास्ता निकालना चाहिए। मांगों का आगामी बजट सत्र में हल नहीं निकलने पर जयपुर में रैली निकाली जायेगी।.

# सिंचाई के लिये नहर से पानी छोड़ने की मांग

**टोंक**, (निसं)। जिले के दूनी ग्राम पंचायत सीतापुरा के लोगों ने सिंचाई के लिये पानी छोड़ने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामवासी देवलाल, बाबूलाल, घांसी, हरलाल, देवलाल, देवकरण, प्रहलाद, जगदीश, नेहनूराम, तेजमल, गणेश, भंवरलाल, प्रकाश एवं धन्ना आदि ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम सरदारपुरा पंचायत सीतापुरा तहसील दूनी में सरकारी तालाब है, जिसमें नहर भी है। उक्त तालाब पूर्व में सिंचाई विभाग में नहीं था, परन्तु गत सत्र 2010 में इसे ग्राम पंचायत सीतापुरा में निहित कर दिया गया है, इस तालाब के भराव क्षेत्र में ग्रामवासी की खातेदारी भूमियों स्थित है। पूर्व में भी इस तालाब से नहर में पानी छोडा जाता था। परन्तु



सीतापुरा के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

गत 5 वर्ष से हरीराम मीणा पुत्र दुर्गालाल मीणा ने माता के सरपंच होने के कारण दबंगाई से इस तालाब को मछली पालन के ठेके पर दे देते हैं और नहर में पानी नहीं छोडा जाता है। इस कारण खेती करने से वंचित हो गये है।

## सार-समाचार

### छप्पन भोग की झांकी सजाई



**राजगढ़**, (निसं)। अलवर कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को वैकुंठ चतुर्दशी को जगन्नाथ जी महाराज की छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। मंदिर महन्त पूर्ण दास मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि एक माह से चल रहे कार्तिक मास का समापन श्री राधा दामोदर जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने राधा दामोदर महाराज की परिक्रमा कर के उनकी सवारी को घंटे घड़ियालों के साथ कस्बे के प्रमुख बाजारों से होती हुई विसर्जन इस्थान पर पहुंची जहां सभी महिलाओं ने पूजा अर्चना करके उनका विसर्जन किया। इस अवसर पर मुकुल बढ़ाया मनीष गुप्ता गायत्री देवी मीनू सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दांतिल में निर्माण कार्यों का उद्‌घाटन

**पावटा**, (निसं)। उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत दांतिल में करोडों रुपये के निर्माण कार्यों का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव का विकास होगा तो देश तरक्की करेगा। यादव ने ग्राम पंचायत दांतिल में आयोजित कार्यक्रम में करोडों रुपये की लागत से पाल पथ का सौन्दर्यकरण कार्य, अंबेडकर भवन निर्माण कार्य (सामुदायिक भवन) एस सी एस टी मोहल्ला दांतिल का उद्‌घाटन किया। सडक एवं किसान सेवा केंद्र का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी रामवतार शर्मा, पटवारी मुकेश कुमार वर्मा, कृषि पर्यवेक्षक राम किशोर नागर, फूलाराम यादव, पीसीसी सदस्य नरसी गुर्जर, कोटपुतली प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज गुर्जर, दांतिल सरपंच किरण सांखला, समाजसेवी राजेंद्र सांखला, पूर्व सरपंच महेश शाहपुरा, कोटपुतली उपप्रधान रामकिशोर सैनी, पवाना सरपंच पूरण बागोरिया, कर्मचारी नेता रामजीलाल यादव, सुदरपुराढाढा पूर्व सरपंच कैलाश शर्मा, सुजातनगर सरपंच प्रतिनिधि हरिराम, विराटनगर सरपंच संघ अध्यक्ष शिशराम दायमा, दांतिल पूर्व सरपंच गोदराज, दांतिल पंच जयसिंह दरबार, मदन वर्मा, सुरेश टांक, दांतिल उपसरपंच ओमप्रकाश सैनी, सुदरपुरा सरपंच उमेश, द्वारिकपुरा सरपंच रोहतास, पाथरेडी सरपंच रामस्वरूप कसाना, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन नरपत सिंह, पुरुषोत्तमपुरा विनोद कुमार योगी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाये

**पावटा**, (निसं)। विराटनगर विधानसभा की ग्राम पंचायत मेड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख जयपुर रमा चौपडा के मुख्य आतिथ्य व जिला पार्षद शिवदान भागना की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक डॉ.फूलचंद भिंडा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने वाली कन्याओं का सम्मान किया गया। भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया के जन्मदिन 24 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की बेटियों के लिए महत्वाकांक्षी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 101 कन्याओं के खाते खुलवा कर क्षेत्र की कन्याओं का विराटनगर विधानसभा की ग्राम पंचायत मेड बालिकाओं के तिलक लगाकर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा करके, बैंक डायरी सुपुर्द करके, स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं पूर्व सरपंच जगन चौधरी, भाजपा नेता हरि प्रसाद बल्लीवाल, भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पूर्व सरपंच लाल सिंह शेखावत सहित सैकडों ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

### सुरेन्द्र का जेईई मेंस में चयन

**नारायणपुर**, (निसं)। जेईई मेंस 2022 में छात्र सुरेन्द्र का चयन होने पर सैनी समाज अध्यक्ष सुल्तान राम के सानिध्य में कस्बा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान में छात्र को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार अजबपुरा निवासी सुरेन्द्र पुत्र बृजमोहन सैनी जयपुर में रहकर जेईई मेंस की तैयारी की थी। उन्होंने जेईई मेंस में 92.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित छात्र को रांची में स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मेसरा इंजीनियरिंग कॉलेज मिली है। छात्र की माता सुनीता देवी गृहणी व पिता बृजमोहन सैनी मिठाई की दुकान करते है। इस मौके पर राजू सैनी, बिल्लू पारीक, छीतरमल सैनी, रामकरण सैनी, महेश सैनी, उमाकांत सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

### हित चिंतक अभियान का शुभारंभ

**सांभरझील**, (निसं)। यहां गोवर्धननाथ जी के मन्दिर से अभियान का शुभारंभ मंदिर के महंत जुगल दास महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शिवजी राम जी द्वारा किया गया। लोगो को इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई एवं अधिक से अधिक लोगो को इस अभियान से जुड़ने की अपील की गयी। इस मौके पर बजरंग दल जिला सयोजक राकेश कुमावत, नोरतमल, अध्यक्ष हीरालाल तंवर, सचिव सुनील शर्मा, दिनेश शर्मा, बजरंग दल के संजय खाण्डेकर, गांधी प्रकाश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मनीष सुठवाल, मयंक, भगवानदास सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शब्द कीर्तन व लंगर आज़

**खैरथल**, (निसं)। सिख धर्म के गुरु नानक देव जी की जयंती पर मंगलवार को गुरद्वारों व पंजाबी समाज की ओर से लंगर आयोजित होंगे। इससे पहले सोमवार को गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया गया। इससे पहले प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर कीर्तन के साथ मंगली कालौनी स्थित गुरुद्वारा कलघीधर साहिब में पहुंची। जहां रागी जत्थों ने शबद कीर्तन किया।

# अनैतिक गतिविधियों के मामले में 6 महिला-पुरुष पकड़े

**बहरोड़/ नीमराना**, (निसं)। बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 के मुख्य चौराहे पर बहरोड़ वृत्ताधिकारी आनंद राव ने लंबे समय से चल रही अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए दबिश देकर अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त तीन महिला और तीन पुरुषों को हिरासत में लेकर पुलिस थाना बहरोड़ को सौंपा।

गौरतलब है कि अनैतिक गतिविधियों के नाम से बदनाम बहरोड़ कस्बे में होटलों में ब्लैकमेल कर पैसे

■ **डीएसपी आनंद राव ने लंबे समय से चल रही अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर दबिश दी**

लूटने की वारदात हो चुकी हैं तथा यह अनैतिक गतिविधियों के सौदागर कस्बे का माहौल खराब कर रहे हैं जो क्षेत्र में चोरी, डकैती, लूटपाट, ठगी तथा ब्लैकमेल का धंधा करने के दौरान विश्वास जमा कर क्षेत्र के लोगों को बदमाशों से धमकी दिला कर लूटपाट करने का धंधा करके फरार हो जाते हैं तथा कानूनी कार्यवाही में कस्बे के अवैध धंधों में संलिप्त लोगों की शरण में जाकर ठगी का कारोबार चलाते हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इन लोगों का पुलिस की सांठगांठ से धंधा चल रहा है।

वहीं बहरोड़ डीएसपी आनंद राव ने बताया कि लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थी जिन पर कार्यवाही करने के बाद मांढण क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने निकल गए।



नेशनल हाईवे 48 के मुख्य चौराहे पर की कार्रवाई।

## सांसद ने उर्वरक मंत्री से की भेंट

**टोंक**, (निसं)। टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने सोमवार को रासायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली डॉ. मनसुख मांडविया से उनके कार्यालय में भेंट कर लिखित में पत्र देकर कहा कि आपके मंत्रालय द्वारा विपरीत परिस्थितियों में टोंक-सवाई माधोपुर जिले में गत वर्ष और इस वर्ष में सितम्बर और अक्टूबर माह में भी-डीएपी एवं यूरिया कृषकों को उपलब्ध कराया, जिसके लिए उनका धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक - सवाई माधोपुर में पहले से ही खरीफ की अधिकांश फसल अतिवृष्टि व असमय वृष्टि से नष्ट हो चुकी है और क्षेत्रीय किसान पूरी तरह से रबी की इस फसल पर ही निर्भर हैं।

सांसद जौनापुरिया ने आग्रह किया कि इस माह में टोंक व सवाई माधोपुर जिलें हेतु क्रमशः 15,000 व 10,000 मीट्रिक टन यूरिया की रैक जिस भी कम्पनी के पास उपलब्ध हो उसकी यथाशीघ्र व्यवस्था करवाने की कृपा करें। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने जल्द से जल्द यूरिया की रैक दोनों जिलों में भिजवाने का आश्वासन दिया।

# आरक्षित वर्ग को होगा भारी नुकसान: बैरवा

**अलवर**, (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के प्रदेश सहसंयोजक एवं शिक्षाविद डॉ. रमेश बैरवा ने आक्रोश व्यक्त किया है कि विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने से आरक्षित वर्ग को भारी नुकसान होगा। राज्य सरकार को बिना आरक्षण की इस भर्ती पर रोक लगानी चाहिए। आरक्षण का प्रावधान कर शिक्षकों की स्थाई भर्ती की जाए। उल्लेख है कि विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी में 93000 एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में 10000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे इन वर्गों को भारी नुकसान होगा।

इन भर्तियों में आरक्षण की मांग के लिए आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए सूर्यनगर स्थित पंचशील बुद्ध विहार में 'विद्या संबल योजना' के तहत शिक्षकों की भर्ती में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने पर चर्चा के लिए विभिन्न

■ **विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने पर आक्राश व्यक्त किया**

शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्या संबल योजना में आरक्षण का प्रावधान नहीं किये जाने पर कड़ा विरोध जताया तथा यह तय किया गया 8 नवंबर को प्रातः 11 बजे अम्बेडकर सर्किल अलवर पर विशाल प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। मीटिंग में राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामचरण वर्मा, जिला अध्यक्ष अमरसिंह जाटव, जिला मंत्री हरिमन मीणा, अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) के जिला अध्यक्ष डॉ. छबील कुमार, आयुर्वेद एशोसिएशन से डॉ. रमन कुमार, सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी शामिल रहे।

# सड़कों की समस्याओं का समाधान कर आवागमन सुगम किया: इंद्राज

**पावटा**, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार के बजट में 33 करोड़ की लागत से 33 किमी लंबा बनने वाले एमडीआर 251 का उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य व क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता में शिलान्यास किया गया।

वहीं इससे पहले जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा गृह राज्यमंत्री एवं कोटपुतली विधायक राजेंद्र सिंह यादव व विधायक इंद्राज गुर्जर को भव्य स्वागत करते हुए एक जुलूस निकाला। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र सिंह यादव व इंद्राज गुर्जर का जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में सड़कें बदहाल थी। जरूरी सुविधाओं का अभाव बना हुआ था। सबसे बड़ी चुनौती जर्जर सड़कों के मरम्मत, सुदृढीकरण और उच्चीकरण की थी। चुनाव प्रचार के दौरान उनके सामने सड़क एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। जिसको दूर करने का पूरा प्रयास किया है। जिन पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने प्रयास, मांग व विधान सभा मैं आवाज उठाते हुए क्षेत्र में जो कहा वो किया। राज्य सरकार के बजट में एमडीआर 251 (33 किमी) लागत राशि 33 करोड के रोड का शिलान्यास किया गया है। यह रोड कुहाडा मोड से वाया पापडा, बडा कांकराणा, खाला की ढाणी, तालुकाबास की छीड, तालुकाबास, पांछूडाला की छीड, सितोपसिंहपुरा, भोजावास, भांकरी, चौबाला, पाथरेडी, चौकी राजनोता रोड, भालोजी मोड तक बनेगी।



33 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का राज्य मंत्री व विधायक ने शिलान्यास किया।

■ **आवागमन के साधन जितने सुलभ होंगे उतने ही विकास के अवसर बढ़ेंगे: यादव**

गृह राज्यमंत्री एवं कोटपुतली विधायक राजेंद्र सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी गांव व क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वह गांव सड़क, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था से परिपूर्ण हो। अच्छी सड़कें विकास के अवसर देती है। आवागमन के साधन जितने सुलभ होंगे उसी गति से विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। इस दौरान बडी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण किया

**मालपुरा**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा खोले गये महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सहित अन्य गतिविधियों के संचालन की जांच को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री सेवाप्रदाय प्रकोष्ठ द्वारा गठित राज्य स्तरीय जांच दल ने मालपुरा व चांदसेन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

जांच दल में शामिल सताक्षी हुदर, फरहान शालीबान, अरिहन्त लोखाण्डे ने विद्यालय के कक्षा कक्षों में पहुंच शिक्षण व्यवस्था व गुणवत्ता की जांच को लेकर विद्यार्थीयों से संवाद किया। मिड्डे मील सहित विद्यालय की गतिविधियों एवं भौतिक सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टॉफ कर्मियों से मिली जानकारी में जांच दल को अवगत करवाया कि मार्च 2022 के बाद से विद्यालय को पोषाहार राशि का भुगतान नहीं मिला है, विद्यालय की छत से बरसात का पानी रिसाव होने से शिक्षण व्यवस्थाएं बाधित हो रही है। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेन्द्र वर्मा, शिक्षिका संतोष शर्मा, लिपिक जगदीश माली चांदसेन, व मालपुरा प्रधानाचार्य अब्दुल वहाब, शिक्षक मशुद अख्तर आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल सीआरपीएफ जवान की मौत

**बस्सी**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टहटडा के दोपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मदन लाल जोगी ने अस्पताल में आखिरकार रविवार देर रात्रि को दम तोड़ ही दिया। जवान मदन लाल 24 अक्टूबर को चंडीगढ से छुट्टी पर अपने गांव दोपुर आ रहा था लेकिन अपने गांव आने से पहले ही बांसखोह के पास दादिया पट्टी गांव में सड़क पर बाइक फिसल गई जिससे मदन के सिर में गंभीर चोट आई।

इसके बाद उसे जयपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद गत देर रात्रि को मदन की सांसे हमेशा के लिए थम गई। जानकारी मुताबिक मदनलाल चंडीगढ में सीआरपीएफ के पद पर तैनात है। 24 अक्टूबर को अपने गांव दोपूर आ रहा था। अपने गांव आने से पहले बांसखोह फाटक पर आकर अपने छोटे भाई को मोबाइल से कॉल करके सूचना दी कि मैं यहां पर आ गया और मुझे घर पर आना है। इसके बाद छोटा भाई अपनी बाइक के साथ बांसखोह फाटक से बडे भाई सीआरपीएफ जवान मदनलाल जोगी को अपने घर पर ले जा रहा था। इस दौरान दादिया पट्टी गांव के पास निर्माणाधीन सडक पर अचानक बाइक फिसल गई जिससे मदनलाल जोगी के सिर पर गंभीर चोट आई।

चंडीगढ से आए हुए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों के द्वारा सीआरपीएफ मदनलाल जोगी का पार्थिव शरीर जयपुर से उनके गांव दोपुर ले जाया गया। जहां पर बीच रास्ते में बांसखोह फाटक पर लोगों के द्वारा सीआरपीएफ जवान मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 'जब तक सूरज चांद रहेगा, मदन तेरा नाम रहेगा' जैसे नारे लगाए गए। इसके साथ ही जगह-जगह पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे थे। मदन के गाँव आये हुए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों के द्वारा सीआरपीएफ जवान मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर सलामी देते हुए अंतिम संस्कार किया गया।



चंडीगढ़ से आए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों ने मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।